वर्ष- 2 , अंक-347
छपरा
31 अक्टूबर शुक्रवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## बेंगलुरु- बांग्लादेशी युवक पर मंदिर में अल्लाह-हू-अकबर चिल्लाने का आरोप



**बेंगलुरु,एजेंसी।** बेंगलुरु के देवरबिसनहल्ली गांव के मंदिर में मूर्ति का अपमान करने के आरोप में बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान मोची कबीर मंडल (45) के रूप में हुई है, आरोप है कि वह अवैध रूप से बेंगलुरु में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह कबीर नशे में मंदिर में घुसा और जूते पहनकर एक मूर्ति को अपमानित किया। स्थानीय लोगों का दावा है कि आरोपी ने 'अल्लाह हू अकबर' के नारे भी लगाए। यह देखकर स्थानीय लोग और मंदिर कर्मचारी भड़क गए। उन्होंने आरोपी को पकड़कर खंभे से बांध दिया और पीटा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया और मामले की जांच जारी है।

## बहराइच में 22 लोगों से भरी नाव नदी में पलटी

### 1 की मौत, 8 बह गए; रातभर परिजन रोते-बिलखते रहे



**बहराइच,एजेंसी।** यूपी के बहराइच में नाव हादसे में अभी तक 8 लोग लापता हैं। 14 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। SSB, SDRF-NDRF और गोताखोरों की 50 सदस्यीय टीम 5 किमी एरिया में सर्च ऑपरेशन चला रही है। टीम पूरी रात लोगों को खोजती रही। लापता लोगों के घरवाले भी रातभर नदी किनारे बैठे रहे। वे लगातार रोए जा रहे हैं।

देर रात कमिश्नर और आईजी भी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। बुधवार शाम घटना कतर्नियाघाट वन्यजीव रेंज के भरथापुर गांव में कौड़ियाला नदी में हुई। यहां के लोग बाजार से खरीदारी करके लौट रहे थे। नाव में 22 लोग सवार थे, जिनमें 5 बच्चे भी थे। गांव वालों ने बताया- चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के गेट खोले गए थे, जिससे नदी का बहाव तेज था। बीच मझधार में नाव पेड़ की टहनी से टकरा गई। इसके बाद नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे के बाद 5 लोग तैरकर बाहर निकल आए।

## गोरखपुर में ममता कुलकर्णी बोलीं- दाऊद आतंकी नहीं

### मुंबई ब्लास्ट नहीं करवाया, मैं उससे कभी नहीं मिली

**गोरखपुर,एजेंसी।** एक्ट्रेस से साध्वी बनीं ममता कुलकर्णी फिर सुर्खियों में हैं। गोरखपुर में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर उन्होंने कहा, उसने कोई बम ब्लास्ट नहीं किया, वह आतंकी नहीं है। उन्होंने यह भी साफ किया कि वह दाऊद से कभी नहीं मिलीं। कहा, मैं आज पूरी तरह अध्यात्म के मार्ग पर हूं। राजनीति या फिल्म इंडस्ट्री से मेरा कोई संबंध नहीं है। ममता तीन दिन के गोरखपुर दौरे पर हैं। मंगलवार को एक होटल में उन्होंने ये बातें कही थीं।



### पुलिस बोली-दिल्ली दंगे केंद्र में सत्ता परिवर्तन की साजिश थी

## देशभर में हिंसा फैलाने की कोशिश हुई; सुप्रीम कोर्ट में 177 पन्नों का हलफनामा दाखिल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** 2020 के दिल्ली दंगे कोई अचानक भड़की हिंसा नहीं थे, बल्कि केंद्र में सत्ता परिवर्तन करने की साजिश के तहत किए गए थे। इसका मकसद देश को कमजोर करना था।

पुलिस ने यह बात 177 पन्नों के हलफनामे में कही है, जो सुप्रीम कोर्ट में उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर दाखिल किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, जांच में मिले गवाहों के बयान, दस्तावेज और तकनीकी सबूत बताते हैं




कि यह दंगे नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के खिलाफ विरोध को हथियार बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कराए गए थे।

पुलिस का कहना है- इस साजिश के तहत देशभर में हिंसा फैलाने की कोशिश हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, केरल और कर्नाटक जैसे राज्य भी शामिल थे। उमर खालिद और शरजील इमाम साजिशकर्ता थे, जिन्होंने लोगों को भड़काने का काम किया।

दरअसल, दिल्ली में फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे।

**पुलिस बोली- आरोपी बार-बार झूठी याचिकाएं दाखिल कर रहे :** दिल्ली पुलिस की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वकील राजत नायर और ध्रुव पांडे पेश हो रहे हैं। पुलिस ने अदालत में कहा कि आरोपी बार-बार झूठी याचिकाएं दाखिल कर रहे हैं ताकि केस की सुनवाई में देरी हो। यह न्याय प्रक्रिया में रुकावट डालने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट अब पुलिस के इस हलफनामे पर सुनवाई करेगा।

## पीएम मोदी बोले- आरजेडी -कांग्रेस के लिए छठी मैया की पूजा ड्रामा है, इन लोगों ने मां का अपमान किया

**पटना,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुजफ्फरपुर की जनसभा में कहा कि आपकी इतनी भीड़ बता रही है कि इस बार फिर से एनडीए सरकार आने वाली है। बिहार में फिर से सुशासन सरकार आएगी। छठ महापर्व के बाद यह मेरी पहली जनसभा है। छठ महापर्व बिहार और देश का गौरव है। देश और दुनिया में छठ महापर्व मनाया जाता है। हमलोग छठ की गीत सुनकर भावविभोर हो जाते हैं। छठी मैया में मां की भक्ति, समता, ममता और सामाजिक समरसता है। छठ महापर्व को मानवता के महापर्व के रूप में मनाते हैं। हमलोग कोशिश कर रहे हैं कि यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में छठ महापर्व शामिल हो। यह सूची बड़ी जांच पड़ताल और लंबी प्रकिया के बाद यह सूची बनती है। हमारी सरकार कोशिश कर रही है कि यूनेस्को की इस सूची में छठ महापर्व का नाम शामिल हो। अगर ऐसा होता तो हर बिहारियों को गर्व होगा।

**कांग्रेस और राजद के लोग छठी मैया का अपमान कर रहे हैं :** पीएम मोदी ने कहा कि आपने देखा है कि आपका बेटा तो छठी मैया का जय जयकार पूरी दुनिया में कराने में लगा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और राजद के लोग छठी मैया का अपमान कर रहे हैं। आप मुझे बताइए क्या कोई कभी चुनाव में वोट के लिए छठी मैया का अपमान कर सकता है?





### पीएम मोदी ने जंगलराज की पहचान बताई, पूछे यह सवाल

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा बिहार स्वाभिमान की धरती है। जिन लोगों ने छठ पूजा को गाली देने का काम किया है। बिहार ऐसे लोगों को कभी माफ नहीं करेगा। एनडीए और भाजपा की पहली प्राथमिकता ही बिहार का विकास है। पीएम मोदी ने कहा कि कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और करप्शन ही जंगलराज वालों की पहचान है। यह उनके साथियों की पहचान बन गई है। राजद और कांग्रेस वाले केवल अपने परिवार का भला करते हैं। ऐसे लोग बिहार का भला नहीं कर सकते हैं। बिहार का भला करने के लिए उद्यम, उद्योग चाहिए। उद्योग के लिए जमीन, बिजली और कानून का राज चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जिनका इतिहास जमीन कब्जाने का रहा है, वो किसी उद्योग को जमीन देंगे क्या? जिन्होंने बिहार को लालटेन युग में रखा, वो बिजली दे पाएंगे क्या? जिन्होंने रेल को लूटा, वो कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे क्या? और जिन्होंने भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़े, वो कानून का राज ला सकते हैं क्या? प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार ने भाजपा और एनडीए का सुशासन देखा है।

### राजद के नेता अपने साथियों के साथ मिलकर शोरूम ही लूट लेते थे

पीएम मोदी ने कहा कि आजकल पूरा बिहार जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। पूरे देश भर लोग खुश हैं। लेकिन, जंगलराज में यह संभव नहीं था। जंगलराज में गाड़ियों की दुकानें बंद हो गई थीं। यह इसलिए बंद हो गए थे क्योंकि राजद के नेता अपने साथियों के साथ मिलकर शोरूम ही लूट लेते थे। अगर किसी ने नई गाड़ी खरीदी हो तो उसके पीछे राजद के गुंडे लग जाते थे। ऐसे जंगलराज में कोई अपनी पूंजी नहीं लगाता। राजद और कांग्रेस के ऐसे ही कुकर्मों ने लाखों नौजवानों को बेरोजगार कर दिया। पलायन करने पर मजबूर कर दिया। मुजफ्फरपुर के लोग राजद सरकार में हुए गोलू अपहरण कांड को कभी नहीं भूल सकते हैं। इसी शहर में साल 2001 में स्कूल जाते एक बच्चे का अपराधियों ने दिनदहाड़े

### राहुल बोले- मोदी के हाथ में नीतीश का रिमोट कंट्रोल

## पीएम ने बटन दबाया और सीएम बोलने लगते हैं ; बिहार को बदलने का दावा झूठा

**नालंदा,एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नालंदा के नूरसराय में सभा को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, बिहार का युवा सपना देखता है कि इंजीनियर बनूंगा, डॉक्टर बनूंगा। मां-पिता के पास जाता है और कहता है कि मुझे पढ़ाई करनी है। महीनों की मेहनत के बाद परीक्षा के एक दिन पहले पेपर लीक हो जाता है और बिहार का ईमानदार युवा देखता रह जाता है।

नीतीश कुमार कहते हैं कि 20 साल में बिहार को बदल दिया। लेकिन मैं पूछता हूं कि क्या बिहार में अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य मिल सकता है। बिहार के अस्पतालों में लोग जीने नहीं मरने जाते हैं।

दूसरी तरफ पीएम मोदी खड़े हैं। पीएम के हाथ में नीतीश का रिमोट है। नीतीश से जो करवाना है पीएम करवा देंगे। बिहार को नीतीश नहीं चलाते हैं। सरकार अमित शाह-मोदी चलाते हैं।

**दुबई बना सकते हैं तो बिहार क्यों नहीं :** राहुल गांधी ने कहा, मैं बिहार के युवाओं से सवाल पूछना चाहता हूं। मैं देश के किसी भी प्रदेश में जाता हूं तो वहां मुझे बिहार के लोग दिखाई देते हैं। दुबई जैसी जगह को आपने अपने



खून पसीने से बनाया है। मेरा आपसे सवाल है कि जब आप दुबई और बेंगलुरु जैसा शहर बना सकते हो तो ये बिहार में क्यों नहीं कर पाते हो। एक समय होता था जब नालंदा की यूनिवर्सिटी पूरी दुनिया में मशहूर थी। जापान, कोरिया, इंग्लैंड से लोग पढ़ाई करने आते थे। दुनिया की शिक्षा का सेंटर नालंदा था। आज बिहार की यूनिवर्सिटी के बार में दूसरे लोगों से पूछिए। कहते हैं यहां सिर्फ पेपर लीक होता है। जिनकी सेटिंग है उन्हें पेपर मिल जाता है। बिहार के बाकी युवा देखते रह जाते हैं।

**राहुल बोले- प्रधानमंत्री में दम होना चाहिए :** राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी ट्रंप से डरते हैं। 50 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोला है। मैंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है। ट्रंप अलग-अलग देशों में जाकर उनका अपमान कर रहा है। कहता है मैंने मोदी को झुका दिया।

### राहुल गांधी बोले- वोट के लिए ड्रामा करते हैं मोदी

राहुल बोले- मोदी छठ पूजा का ड्रामा कर रहे, यमुना की बजाए स्विमिंग पुल में नहाते हैं राहुल गांधी ने छठ पर्व पर यमुना नदी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा है कि मोदी जी छठ पूजा का ड्रामा कर रहे हैं और यमुना नदी में नहाने के बजाय एक स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। राहुल ने आरोप लगाया कि यह छठ पूजा वोट हासिल करने के लिए किया गया नाटक है और मोदी वोट के लिए मंच पर नाच भी सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को छठ पूजा या बिहार की परंपरा से कोई लेना-देना नहीं है, उनका मकसद केवल वोट लेना है। राहुल ने यह भी कहा कि मोदी जी जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रखते, सिर्फ प्रचार और सत्ता में बने रहने में लगे रहते हैं।

## गृह मंत्री अमित शाह बोले- कांग्रेस की वजह से सरदार पटेल को भारत रत्न मिलने में 41 साल देरी हुई



**पटना ,एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पटना में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती है। सरदार पटेल के कारण ही आज भारत एक हो पाया। आज के भारत के निर्माण में उनका बहुत बड़ा योगदान है। सरदार पटेल की जयंती पर 2014 से हर साल पीएम मोदी 31 अक्तूबर को केवरिया कॉलोनी जाते हैं। सरदार पटेल की प्रतिमा के सामने भव्य परेड होता है। अब गृह मंत्रालय ने तय किया है कि हर साल 31 अक्तूबर को भव्य परेड का आयोजन होगा। यह परेड देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए है। यह परेड सभी राज्यों की पुलिस बल और केंद्रीय पैरा मिलिट्री फोर्स के सम्मान में है। उनकी प्रतिमा के सामने यह परेड आयोजित होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 26 जनवरी की तर्ज पर अब हर 31 अक्तूबर को परेड का आयोजन किया जाएगा। यह परेड एकता और अखंडता का संदेश देगा।

**सरदार ने पाकिस्तान कॉरिडोर बनाने की मनसा को नाकाम किया :** इस बार देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, जिला, पुलिस स्टेशन, स्कूल, कॉलेज में रन फॉर यूनिटी का आयोजिन हुआ। इस बार 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत पर्व का आयोजन एकता नगर में है। यह एक नवंबर से 15 नवंबर तक चलेगा। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) तक यह चलेगा।

## बिहार को कब्जाना चाहता है एनडीए; दिल्ली में मोदी, बिहार में नीतीश वाले शाह के बयान पर तेजस्वी का वार



**पटना ,एजेंसी।** बिहार चुनावी समर में एनडीए और महागठबंधन के बीच बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। सबसे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर करारा वार करते हुए कहा कि लालू जी चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने और सोनिया जी चाहती हैं कि उनका बेटा प्रधानमंत्री बने। लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि दिल्ली में मोदी जी हैं और बिहार में नीतीश जी हैं, कोई जगह खाली नहीं है। शाह के इस बयान पर अब बिहार में महागठबंधन की ओर सीएम का चेहरा तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। शाह ने कहा कि महागठबंधन की राजनीति सिर्फ परिवारवाद और कुर्सी के इर्द-गिर्द घूमती है, जबकि एनडीए जनता के विकास के लिए काम कर रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि अगर एनडीए सत्ता में लौटा तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहेंगे। शाह के बयान के बाद महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने जोरदार पलटवार किया। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, अमित शाह कहते हैं कि बिहार में जमीन की दिक्कत है, इसलिए उद्योग नहीं लग सकते। मैंने ऐसा गृह मंत्री नहीं देखा जो खुद अपने बयान से बिहार के युवाओं का मनोबल तोड़ दे। असल में, एनडीए बिहार को कब्जाना चाहता है, विकास करना नहीं।



## अबॉर्शन पर सुनवाई चल रही थी, नाबालिग की डिलीवरी हुई

### 15 साल की रेप पीड़ित का केस; गुजरात हाईकोर्ट बोला- राज्य 6 महीने तक खर्च उठाए

**अहमदाबाद,एजेंसी।** अहमदाबाद की 15 साल की नाबालिग दुष्कर्म पीड़ित ने गुजरात हाईकोर्ट की सुनवाई के दौरान 28 अक्टूबर की दोपहर एक बच्ची को जन्म दिया है। यह सुनवाई 35 हफ्ते की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति से जुड़ी याचिका पर हो रही थी।कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह मां और बच्ची के सभी खर्च छह महीने तक उठाए, जिसमें डिलीवरी का खर्च भी शामिल है।

**जानिए क्या था पूरा मामला-** नाबालिग के पिता ने 35 हफ्ते की गर्भावस्था खत्म करने के लिए गुजरात हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 24 अक्टूबर को आरोपी के खिलाफ मांडल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज हुई। कोर्ट ने सोला सिविल अस्पताल को मेडिकल जांच का आदेश दिया, लेकिन रिपोर्ट आने से पहले ही बच्ची का जन्म हो गया। जिसके बाद कोर्ट ने केस को निरर्थक बता दिया। नाबालिग को 25 अक्टूबर को अहमदाबाद के सोला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन दिन बाद, 28 अक्टूबर की दोपहर प्रसव पीड़ा शुरू होने पर उसने 2.2 किलो वजन की बच्ची को जन्म दिया।

**कोर्ट ने मां-बच्ची की जिम्मेदारी सरकार को दी-**गुजरात हाईकोर्ट ने अहमदाबाद जिले के जांच अधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) को नाबालिग मां और उसकी बच्ची की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी है। अदालत ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार छह महीने तक मां और बच्ची के इलाज, देखभाल और जरूरतों का पूरा खर्च उठाए। साथ ही कोर्ट ने DLSA को आदेश दिया कि वह पीड़िता को अंतरिम मुआवजा दिलाए और यह सुनिश्चित करे कि सभी निर्देशों का पालन समय पर और सही तरीके से हो।

## चक्रवात मोन्था कमजोर पड़ा: लेकिन नेपाल तक असर, यूपी-बिहार में बारिश

### म.प्र. में तेज हवाओं से तापमान गिरा; आंध्र में तीन लोगों की मौत





**नई दिल्ली,एजेंसी।** चक्रवात मोन्था लगातार कमजोर हो रहा है। लेकिन, इसका असर कई राज्यों में देखा जा रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में भी बारिश जारी है। यूपी के लखनऊ-कानपुर समेत 15 शहरों में बारिश हो रही है। काशी में बारिश से जलभराव हो गया है।

बुधवार को मध्य प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज हवा चली। इससे तापमान में कमी आई है। उज्जैन में तापमान 23 डिग्री पहुंच गया। राजस्थान के जयपुर, अलवर, करौली सहित कई जिलों में गुरुवार सुबह तेज बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

इधर, चक्रवात मोन्था ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उड़ीसा में काफी नुकसान किया है। आंध्र प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो गई, 42 मवेशी मारे गए और करीब 1.5 लाख एकड़ में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। तेलंगाना के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है। सूर्यापेट में पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। खम्मम जिले में एक ट्रक ड्राइवर के बह जाने की भी खबर है।उधर, नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' के असर से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। नेपाली मौसम विभाग ने 26 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है।

**नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' का असर, तेज बारिश शुरू :** नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' के असर से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने 26 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है। कोशी, मधेश और बागमती प्रांतों की नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ने की आशंका जताई गई है।

### निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज से क्रेन गिरी

## दो पिकअप वाहन दबे, दो की मौत, 4 घायल; लोगों में आक्रोश

### पुलिस ने आंसू गैन की गन, पानी के टैंकर मंगाए

**पीथमपुर,एजेंसी।** धार जिले के पीथमपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर पिलर चढ़ा रही क्रेन पलट गई और सर्विस रोड से गुजर रहे दो पिकअप वाहनों पर गिर गई। दोनों वाहन चकनाचूर हो गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 4 लोग घायल हैं।

हादसे से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। क्षेत्र में तनाव के चलते आंसू गैस के गोले छोड़ने वाली गन और नगर पालिका के पानी के टैंकर भी बुलाए गए हैं

हादसा शुक्रवार करीब 8ः30 बजे सागौर इलाके में हुआ। जानकारी के अनुसार, क्रेन भारी पिलर को शिफ्ट करने का काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ा और पलट गई। सूचना मिलते ही सागौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी मयंक अवस्थी भी पहुंचे।





### लोहे की प्लेट नहीं लगाने से हुआ हादसा

पीथमपुर में करीब 500 मीटर लंबे रेलवे ओवरब्रिज का काम तीन साल से चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी आसिफ खान ने बताया कि सुबह सीमेंट पिलर उठाने का काम किया जा रहा था। क्रेन के नीचे लोहे की प्लेट नहीं लगाने के कारण वजन उठाते ही क्रेन का एक हिस्सा सड़क में धंसने लगा। जैसी ही, बैलेंस बिगड़ा क्रेन पलटी खा गई।मौके पर मौजूद एडवोकेट राजेश चौधरी ने बताया कि रेलवे विभाग के अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर की लापरवाही से हादसा हुआ है।

# किशनगंज में स्टूडेंट का शव फंदे से लटका मिला लाइट कटने के बाद कमरे में चला गया, चीखने की आवाज पर दौड़े परिजन

**किशनगंज,एजेंसी।** किशनगंज में बंद कमरे से फंदे से स्टूडेंट का शव लटका मिला है। मृतक सुरजीत कुमार रॉय (18) घर में ही लोगों के साथ बैठा बात कर रहा था इस दौरान अचानक बिजली चली गई। जिसके बाद वो कमरे में चला गया। मंगलवार रात 7:30 बजे चीखने की आवाज पर परिजनों ने खिड़की से झांकर देखा तो छत के कुंडे से फंदे के सहारे लटका दिखा। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे नीचे उतारा और आनन फानन मे छत्तरगाछ रेफरल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर और एम्बुलेंस उपस्थित नहीं होने से परिजनों मे आक्रोश दिखा। छात्र की स्थिति गंभीर होने पर परिजनों ने प्राइवेट गाड़ी के द्वारा लड़के को किशनगंज सदर अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**बेटे की स्थिति देख पिता अचेत होकर गिर पड़ा :** किशनगंज में पोठिया प्रखंड क्षेत्र के कोल्था पंचायत स्थित सब्जी मार्केट हरिजन बस्ती में घटना हुई है। युवक के भाई ने ग्रामीणों की मदद से सुरजीत को छतरगाछ रेफरल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं थे और कोई एम्बुलेंस भी नहीं था परिजनों ने प्राइवेट गाड़ी द्वारा मरीज को छतरगाछ से 30 किलोमीटर दूर किशनगंज ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर बेटे की स्थिति देख पिता अचेत होकर गिर पड़ा, जिसको ग्रामीणों के सहयोग से छतरगाछ अस्पताल लाया गया परन्तु डॉक्टर गायब रहने के कारण उन्हें भी किशनगंज सदर अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया है।

**इलाज में देरी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा:** डॉक्टर के मृत घोषित करने के बाद परिजनों और स्थानीय युवकों ने अस्पताल डॉक्टर और स्टाफ पर इलाज में देरी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और गायब डॉक्टर और कर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। छतरगाछ कैंप प्रभारी राम बहादुर शर्मा और पहाड़कट्टा थाना अध्यक्ष फुलेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में कोई प्रार्थना पत्र मिलता है, तो आगे की जांच और कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद परिवार और मोहल्ले में शोक का माहौल है। छत्तरगाछ अस्पताल मे डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक स्तर पर भी चिंता का विषय है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जिला पदाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है आज अगर अस्पताल मे डॉक्टर मौजूद होते तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। फिलहाल मृतक के पिता देवनारायण इलाजरत है। मृतक बच्चे की मौसी सीमा ने बताया कि 2 से 3 घंटा हो गया लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं है।

## बिहार में दिखने लगा चक्रवाती तूफान मोंथा का असर, सुबह से छाये है बादल



**पटना,एजेंसी।** छठ महापर्व के समापन के साथ ही बिहार का मौसम बदलने लगा है। माना जा रहा है कि मौसम का यह बदलाव बंगाल की खाड़ी में विकराल रूप धारण कर चुके चक्रवाती तूफान मोंथा के असर के कारण है। पटना में बुधवार को सुबह से ही आंशिक बादल छाए रहे और हल्की धुंध छाई रही। सुबह 11 बजे के बाद पटना में हल्की बारिश भी हो रही है। इससे से मौसम खुशनुमा हो गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार तूफान के नॉर्थवेस्ट की ओर बढ़ने से राज्य के पूर्वी और मध्य जिलों में 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जबकि एक-दो स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, गया, पश्चिमी और पूर्वी चंपारण जैसे जिलों में गरज-चमक के साथ 30-40 किमी/घंटे की रफ्तार वाली हवाएं चलेंगी। अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट से ठंडक बढ़ेगी, यह छठ महापर्व की समाप्ति के ठीक बाद यात्रियों के लिए चुनौती पैदा कर सकती है।

वहीं पटना की बात करे तो दिन भर में हल्की हवा चलेगी, लेकिन भारी बारिश की संभावना कम है। अधिकतम तापमान 28-30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, जबकि न्यूनतम 18-20 डिग्री तक गिर सकता है।

## प्रशांत किशोर का दो विधानसभा क्षेत्र में नाम दर्ज

**डेहरी आन सोन,एजेंसी।** बिहार में रोहतास जिले के करगहर प्रखंड के निवासी जन सुराज पार्टी सूत्रधार प्रशांत किशोर का दो विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची में नाम दर्ज है। इसे गंभीरता से लेते करगहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अशोक प्रसाद ने उन्हें नोटिस भेज तीन दिन के अंदर पक्ष रखने का निर्देश दिया है। निर्वाची पदाधिकारी द्वारा भेजे गए नोटिस के बाद सियासी गलियारे में चर्चा तेज हो गई है। जसुपा नेता को भेजे नोटिस में निर्वाची पदाधिकारी ने कहा है कि प्रशांत किशोर का नाम पश्चिम बंगाल के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के संत हेलेन स्कूल बी. रानी शंकरी लेन मतदान केंद्र के मतदाता सूची में भी दर्ज है। वहीं करगहर विधानसभा क्षेत्र के मध्य विद्यालय कोनार स्थित मतदान केंद्र संख्या 367 के मतदाता सूची के क्रम संख्या 621 पर अंकित है। मतदाता पहचान पत्र संख्या आइयूआइ 3123718 है। दो जगह नाम दर्ज रहना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 17 के अनुसार एक अधिक से निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जाएगा। इसलिए एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में नाम अंकित होने के संबंध में तीन दिन के अंदर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करने को कहा है द्य



## महागठबंधन के घोषणा पत्र पर तेजस्वी बोले- बिहार को देश का नंबर वन राज्य बनाना ही हमारा विजन है



**पटना,एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कुछ ही देर में महागठबंधन का घोषणा पत्र जारी करेंगे। इससे पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन का चुनाव घोषणापत्र बिहार को देश का नंबर वन राज्य बनाने का विजन डॉक्यूमेंट होगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे पास राज्य के विकास के लिए एक विज़न और उसका रोडमैप है। बिहार को नंबर वन राज्य बनाने का हमलोगों ने प्रण लिया है। तेजस्वी ने महागठबंधन के घोषणा पत्र को तेजस्वी प्रण पत्र नाम दिया है।

**पीएम और सीएम ने कोई ठोस काम नहीं किया :** तेजस्वी यादव ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए कोई ठोस काम नहीं किया। जब भी प्रधानमंत्री बिहार आते हैं, वे विपक्षी नेताओं को गालियां देते हैं और नकारात्मक राजनीति को बढ़ावा देते हैं। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने दावा किया कि इस बार जनता बिहार में परिवर्तन लाने का मन बना चुकी है। तेजस्वी ने कहा कि एनडीए ने न तो अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताया है और न ही घोषणापत्र जारी किया है। वे सिर्फ हमारी घोषणाओं की नकल करते हैं।

## दो राज्यों की वोटर लिस्ट में नाम होने के मामले में प्रशांत किशोर को निर्वाची पदाधिकारी ने भेजा नोटिस

**पटना,एजेंसी।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर को एक से अधिक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के मामले में नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस निर्वाची पदाधिकारी, 209-करगहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता, सासाराम द्वारा जारी किया गया है। मंगलवार यानि 28/10/2025 को जारी की गयी नोटिस में कहा गया है कि दैनिक समाचार पत्र द इंडियन एक्सप्रेस (कोलकाता-पटना संस्करण, दिनांक 28.10.2025) में प्रकाशित खबर के अनुसार, प्रशांत किशोर का नाम बिहार राज्य की निर्वाचक सूची के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में भी दर्ज है। निर्वाची पदाधिकारी ने नोटिस में स्पष्ट किया है कि प्रकाशित खबर के अनुसार, पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर निर्वाचन क्षेत्र संत हेलेन स्कूल, बैरोनीशहर के मतदान केंद्र में उनका नाम दर्ज है। वहीं, बिहार में उनका नाम 209-करगहर विधान निर्वाचन क्षेत्र के भाग ंख्या-367 (मध्य विद्यालय, कोनार, उ0 भाग) क्र0सं0-621 में मतदाता पहचान संख्या IJJ123718 के साथ दर्ज है। नोटिस में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-17 का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार एक व्यक्ति का नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक रजिस्ट्री में पंजीकृत नहीं किया जा सकता। इस उल्लंघन की स्थिति में, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा-31 के तहत एक वर्ष का कारावास या जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। सात दिनों के अंदर अपना पक्ष रखने का निर्देश निर्वाची पदाधिकारी ने प्रशांत किशोर को निर्देश दिया है कि वह एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में अपने नाम की प्रविष्टि के करें।

## लालू यादव के जंगलराज से बिहार में शुरू हुआ पलायन: ऋतुराज सिन्हा

**पटना,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन का घोषणा पत्र जारी होते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लालू यादव और तेजस्वी यादव से सवालों की झड़ीलगा दी है। मंगलवार को पटना में प्रेस वार्ता कर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने पलायन पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर झूठ, भ्रम और भय का वातावरण निर्माण करने का आरोप लगाया है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन में शामिल दलों का मकसद केवल झूठ के आधार पर किसी भी तरह से वोट हासिल करना हैं। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में तेजस्वी ने पलायन करने वाले बिहारी मजदूरों के कष्ट का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि बिहार में रोजी-रोजगार और उद्योग का अभाव है, लेकिन गौर से सोचा जाये, तो सबसे पहला सवाल यह है कि बिहार में पलायन क्यों शुरू और कब शुरू हुआ उन्होंने कहा कि यह 1990 का समय था, जब बिहार पूरी तरह से डगमगाया। यहां से सारे उद्योग-धंधे वाले चले गए, क्योंकि उसी समय बिहार में लालू यादव का जंगलराज शुरू हुआ था,जिससे यहां के लोगों में आतंक फैलाया गया। उन्होंने कहा कि आज तेजस्वी जी पलायन की बात कर रहे हैं, लेकिन सबसे पहले उन्हें अपने घर में अपने माता-पिता से पूछना चाहिए कि आखिर उन्होंने क्यों इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया




**हर घर में एक सरकारी नौकरी पर कसा तंज :** तेजस्वी के ढाई करोड़ नौकरी देने पर ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी खुद नौवी फेल हैं, लेकिन बिहार की जनता पढ़ी-लिखी है। वह जानती है कि तेजस्वी जो बोल रहे हैं, वह कभी संभव नहीं है। आज बिहार में ढाई करोड़ परिवार है। मतलब ढाई करोड़ नौकरी देनी होगी, जबकि बिहार में कुल नियुक्ति 25 लाख है और 10 लाख से भी कम रिक्त पद हैं।

ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि हो सकता है कि तेजस्वी यादव 500 सौ रूपए महीना वाली नौकरी देने की सोच रहे हैं। वहीं, दूसरा तरीका हो सकता है इन कर्मियों का वेतन देने के लिए उनके पास 12 लाख करोड़ का इश्वरीय वरदान मिल गया हो।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर रेलवे सुरक्षा बल का विशेष जांच अभियान

**कटिहार,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र रेलवे सुरक्षा बल और एनएफसीटीओ पटना की संयुक्त टीम द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर व्यापक जांच और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।




इस विशेष अभियान में आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन प्रबंधन और के-9 डॉग स्क्वॉड की टीम द्वारा कटिहार रेलमंडल के स्टेशन पर रुकने वाली विभिन्न ट्रेनों, प्लेटफॉर्मों और रेलवे परिसरों में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जांच के दौरान यात्रियों के सामानों की भी गहन जांच की गई ताकि शराब, विस्फोटक या किसी भी प्रतिबंधित वस्तु की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई निर्वाचन के मद्देनजर रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, और चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अवांछित घटना को रोकने के लिए यह निगरानी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बिहार विधानसभा चुनाव: महागठबंधन ने जारी किया घोषणापत्र

**पटना,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन का संकल्प पत्र जारी हो गया है। मंगलवार को महागठबंधन के सभी घटक दलों ने संयुक्त रूप से संकल्प पत्र जारी किया है,जिसका नाम तेजस्वी प्रण पत्र दिया गया है। पटना के होटल मौर्या में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महागठबंधन के सभी घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं ने मिलकर साझा संकल्प पत्र जारी किया। इस दौरान महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने बिहार के भविष्य का रोड मैप प्रस्तुत किया। इस संकल्प पत्र में महागठबंधन ने बिहार के विकास और बेहतर भविष्य के लिए 25 घोषणाएं की है,जिसमें हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। इनमें सबसे बड़ी घोषणा हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देना शामिल है, जिसे तेजस्वी ने 20 महीने में पूरा करने का वादा किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि इसका पूरा रोड मैप तैयार हो गया है। जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। इसके साथ जीविका दीदी को नियमित कर उन्हें 30 हजार वेतन दिये जाने के साथ ही माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की जाल में फंसे लोगों को मुक्त कराने की कराई जाएगी। तेजस्वी ने कहा कि बिहार को नंबर वन राज्य बनाने का काम हम करेंगे। हम लोग टूटे फूटे वादे नहीं करते, जो कहते हैं, वो करते हैं। कुछ दिनों में हम बताने जा रहे हैं कि कैसे हर घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी कैसे देंगे

महागठबंधन ने अपने घोषणापत्र का नाम तेजस्वी प्रण पत्र रखा है, जिसमें तेजस्वी यादव की माई-बहिन योजना, हर घर सरकारी नौकरी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली के वादों के अलावे कुछ नई घोषणाएं भी शामिल हैं। तेजस्वी ने कहा कि हमलोग सरकार नहीं, बिहार को बनाने जा रहे हैं। बिहार कैसे बनेगा रोड मैप क्या होगा ब्लू प्रिंट क्या होग हमने हमेशा प्रदेश की जनता के सामने रखा है। हमलोगों का प्रण है कि बिहार को नंबर वन कैसे बनाएं। उन्होंने कहा आज संकल्प पत्र की एक-एक घोषणा दिल से लिया गया प्रण है, जो हम अपने प्राण देकर पूरा करेंगे।

तेजस्वी ने कहा कि कुछ बाहर शक्तियां बिहार को उपनिवेश बनाना चाहती हैं, जो हम कामयाब नहीं होने देंगे। तेजस्वी ने मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की स्थिति पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आज भाजपा और प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें पुतला बना दिया है। अमित शाह पहले भी कह चुके हैं कि नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं होंगे। पार्टी के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए तेजस्वी ने कहा कि इस बार महागठबंधन के वोट वाले बूथों पर धीमा मतदान कराने के लिए किसी प्रकार की छल कपट नहीं चलने दिया जाएगा। हमलोग इसे रोकने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार बिहार की जनता बदलाव चाहती है।

विकासशील इन्सान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी ने कहा कि एक नया बिहार बनाने के लिए हमने आज संकल्प पत्र बनाया है। आज हमने जो भी संकल्प लिया है, निश्चित रूप से इसे पूरा करेंगे। इस दौरान में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर हमला किया और कहा कि उनका कोई संकल्प ही नहीं है, क्योंकि उन्हें लगता है कि बिहार में कोई समस्या ही नहीं है। यहां सभी लोग खुश हैं।

भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी-माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार की जो आकांक्षा है, लंबे समय से जो यहां के युवाओं और किसानों की मांगे हैं, इस संकल्प पत्र में शामिल किया गया है। इसमें हर तबके के लोगों की मांगों को शामिल किया गया है। पुरानी पेंशन स्कीम के साथ युवाओं को रोजगार के लिए कैसे सुरक्षित माहौल दिया जाएगा। इसका संकल्प पत्र में जिक्र किया गया है।

## बिहार विधानसभा में चुनाव लड़ रहे 40 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

**पटना,एजेंसी।** बिहार की राजनीति में धन और बाहुबल का बोलबाला जारी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिंक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा जारी रिपोर्ट के अनुसार बिहार विधानसभा में चुनाव लड़ रहे 519 उम्मीदवार यानी 40 प्रतिशत करोड़पति हैं। जिनकी औसत संपत्ति 3.26 करोड़ है। वहीं, शैक्षिक रूप से 519 उम्मीदवार (40 प्रतिशत) केवल 12वीं तक ही पढ़े हैं, जबकि 651 (50 प्रतिशत) स्नातक या स्नातकोत्तर हैं। कुल उम्मीदवारों में से केवल 9 प्रतिशत महिलाएं हैं।

**प्रमुख नेताओं और मंत्रियों का विवरण : सम्राट चौधरी :** मुगेंर के तारापुर से चुनाव लड़ रहे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 11.5 करोड़ की संपत्ति घोषित की है, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से छह गुना अधिक है। उनके पास 9.29 करोड़ की अचल संपत्ति और कामराज विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि है। उनकी पत्नी ममता ने 2024-25 12.73 लाख कमाए, जिनकी कुल संपत्ति 1.35 करोड़ है। दंपति के पास कुल मिलाकर 400 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी, 7 लाख की एक बोलेरो कार और दो लाइसेंसी हथियार, एक राइफल और एक रिवॉल्वर, कुल मिलाकर 6 लाख की संपत्ति है।

**विजय कुमार सिन्हा =** लखीसराय से चुनाव लड़ रहे दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने 1.01 करोड़ की चल संपत्ति और 3.2 करोड़ की अचल संपत्ति घोषित की है। उनकी पत्नी सुशीला देवी 2.81 करोड़ की चल संपत्ति और 4.59 करोड़ की अचल संपत्ति के साथ उनसे आगे हैं। उनके पति के पास 90 ग्राम सोने की तुलना में उनके पास 450 ग्राम सोना भी है। परिवार के गैराज में एक महिंद्रा एक्यूवी-700 और एक बोलेरो शामिल है, जबकि दंपति पर कुल मिलाकर लगभग 22.65 लाख का कर्ज है।

**प्रेम कुमार =** गया शहर से चुनाव लड़ रहे वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार ने 3.16 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। उनके और उनकी पत्नी प्रभावती देवी के पास कुल मिलाकर 1 किलो से ज़्यादा सोना और 10.5 किलो चांदी के अलावा 8.36 लाख की एक टाटा सफारी भी है। उनके पास 10 लाख मूल्य की तीन लाइसेंसी बंदूकें भी हैं।

**रेणु देवी =** बेतिया से चुनाव लड़ रही मंत्री रेणु देवी ने 5.5 करोड़ की संपत्ति घोषित की है, जिसमें पटना, बेतिया और कोलकाता की संपत्तियां शामिल हैं। उनके पास 510 ग्राम सोना, दो कारें (इनोवा और स्कॉर्पियो) और 1.3 लाख से ज़्यादा मूल्य की लाइसेंसी बंदूकें हैं। उन पर कुल 5.46 लाख का कर्ज़ है।

**मंगल पांडे=** सीवान सदर से भाजपा नेता मंगल पांडे पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनकी कुल संपत्ति 2.86 करोड़ है, जो उनकी पत्नी के साथ साझा की गई है। उनके पास कुल मिलाकर लगभग 1 किलो सोना, 7 किलो चांदी, एक टाटा सफारी और दो आग्नेयास्त्र हैं।

**सुनील कुमार =** बिहारशरीफ के विधायक और मंत्री डॉ. सुनील कुमार की संपत्ति केवल पांच साल में 11.5 करोड़ से बढ़कर 17.5 करोड़ हो गई। उनकी आय एक साल में छह गुना बढ़ गई, 2023-24 में 28.59 लाख से बढ़कर 2024-25 में 1.67 करोड़ हो गई। उन पर छह आपराधिक मामले चल रहे हैं और उनके पास एक इनोवा, कई सोने के आभूषण और आग्नेयास्त्र हैं।

## बारिश के बीच नीतीश की सभा, छाता लेकर पहुंचे लोग राजगीर में सीएम बोले- उन लोगों ने कोई काम नहीं किया

**नालंदा,एजेंसी।** नीतीश कुमार ने दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर नालंदा के अस्थावां में एनडीए समर्थित जेडीयू के प्रत्याशी जितेंद्र कुमार के पक्ष में चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा, जब से हमारी सरकार बनी है 2005 में तब से आप लोगों के काम कर रहे हैं। केंद्र का सहयोग मिल रहा है। पहले वाला कुछ काम करता था जी। क्या हाल था। समाज में कितना विवाद होता था। हिंदू-मुस्लिम में झगड़ा होता था। शिक्षा, रोजगार स्वास्थ्य का हाल खराब था। बिजली भी नहीं आती थी। उन लोगों को 15 साल काम करने लिए मिला था। उन लोगों ने कभी महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। अपनी पत्नी को सीएम बना दिया। आज तक आप लोगों ने देखा हमने परिवार के लिए कुछ नहीं किया। उनलोगों ने पत्नी, बेटों के लिए किया।

**11.30 बजे राजगीर विधानसभा ने नीतीश ने सभा की :** इससे पहले साढ़े 11 बजे नीतीश कुमार ने राजगीर विधानसभा क्षेत्र के सरबहदी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा जदयू प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में आम जनता से वोटिंग की अपील की। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने 2005 से पहले की राजद सरकार पर तीखा हमला बोला। सीएम ने कहा कि, पहले लोग शाम के बाद घर से नहीं निकलते थे। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। 10 लाख नौकरी देने का वादा पूरा कर दिया है। अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है।



**नीतीश बोले- पहले शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन की शुरुआत 2005 से पहले और बाद के बिहार की तुलना करते हुए की। उन्होंने कहा कि पहले वाली सरकार (राजद) ने कोई काम नहीं किया था। ऐसा बुरा हाल था कि लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे।

हमारी सरकार ने कानून का राज स्थापित किया। हम लोगों ने 2006 में ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू करा दी और 2016 में 60 वर्ष से पुराने हिंदू मंदिरों की भी घेराबंदी कराई, ताकि कोई विवाद न हो। चाहे हिंदू हो या मुस्लिम, हमने सबके लिए काम किया।

**10 लाख नौकरी दी, 1 करोड़ का लक्ष्य :** रोजगार के मुद्दे पर नीतीश कुमार ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि हमने 2020 में 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार का वादा किया था। अब 10 लाख नौकरी का काम हो गया है और रोजगार पाने वालों की संख्या भी 40-50 लाख हो गई है। अब हमने तय कर दिया है कि अगले 5 साल में 1 करोड़ युवाओं का (रोजगार सुनिश्चित) किया जाएगा।

**महिलाओं और जीविका दीदियों के लिए काम :** नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के कामों को गिनाते हुए कहा कि 2006 में पंचायती राज में 50प्रतिशत आरक्षण, 2013 में पुलिस में 35प्रतिशत और 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में 35प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया। उन्होंने कहा कि आज बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या देश में सबसे ज्यादा है। 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर जीविका समूह की शुरुआत की, जिनकी संख्या आज 1 करोड़ 40 लाख हो गई है।

## पहाड़चक में एक घर में अचानक से लगी आग

**खगड़िया,एजेंसी।** खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र की तेलौछ पंचायत के पहाड़चक गांव में कौशल सिंह के घर में अचानक आग लग गई। इस घटना में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से दो गाय और एक बकरी की मौत हो गई, जबकि एक महिला झुलस गई। आग से झुलसी महिला को स्थानीय डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। घटना से घर में रखा खाने-पीने का सारा सामान भी नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सोनी देवी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की। अंचलाधिकारी ने राजस्व कर्मचारी को मामले की जांच का निर्देश दिया है।

# व्रती महिलाओं ने किया आंवला पेड़ के नीचे विष्णु पूजन

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** अक्षय नवमी पर्व के मद्देनजर माँझी नगर पंचायत के बहोरन सिंह के टोला स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में व्रती महिलाओं ने आंवला के पेड़ के नीचे चावल दाल सब्जी का प्रसाद बनाकर खाया तथा अन्य लोगों में भी वितरित किया। बताते चलें कि व्रती महिलाएं कार्तिक माह में पवित्र सरयु में स्नान कर तुलसी व केले के पेड़ के नीचे भगवान विष्णु की पूजन करती हैं। व्रतियों ने बताया कि प्रतिवर्ष कार्तिक महीने में व्रत रखने वाली आसपास की दर्जनों महिलाएं प्रतिदिन सुबह सरयु नदी में स्नान व पूजन करने के उपरांत ही भोजन ग्रहण करती हैं। आंवला के पेड़ के नीचे लकड़ी वाले चूल्हे पर बनाया गया चावल दाल सब्जी आदि प्रसाद के रूप में व्रती महिलाएं वितरित करती हैं। समीप के रामघाट पर भी संत रामप्रिय दास के संयोजकत्व में साधु संतों ने आंवला के पेड़ के नीचे चावल दाल तैयार कर साधु संतों में वितरित किया। मौके पर अनेक स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

# 200 लीटर देशी तथा 13 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मांझी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को मांझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव से पुलिस ने लगभग 200 लीटर देशी तथा 13 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की गुप्त सुचना प्राप्त हुई  थी कि महम्मदपुर मे देशी तथा अंग्रेजी शराब की ख़रीद बिक्री की जा रही है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। पुलिस द्वारा मौके से बड़ी मात्रा मे शराब बरामद किया गया। पुलिस द्वारा शराब कारोबारियों को चिन्हित करते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# बिजली की करंट लगने से तरैया के युवक की अहमदाबाद में मौत, शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर /तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के फरीदनपुर गांव के रहने वाले एक युवक की अहमदाबाद में बिजली की करंट लगने से मौत हो गई हैं। गुरुवार मृतक का शव गांव पहुचते ही कोहराम मच गया। मृतक फरीदनपुर गांव निवासी परमेश्वर शर्मा का 25 वर्षीय पुत्र चंदन शर्मा बताया गया हैं। वह अहमदाबाद में एक निजी फैक्ट्री में काम करता था, जहां काम करने के दौरान उसे करंट लग गई और उसकी मौत हो गई। जैसे ही घटना की खबर उसके घर पहुंची, परिवार सहित पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।गुरुवार को उसका शव पहुंचते ही परिजन कोहराम मच गई, परिजनों के चितपुकार से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक चंदन अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलने पर तरैया प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

# रोड-शो के लिए भोजपुरी अभिनेत्री सीमा सिंह आज पहुंचेगी मढ़ौरा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण) ।** 117 मढ़ौरा विधानसभा से नामांकन रद्द होने के बाद लोजपा नेत्री व भूजपुरी फिल्मों की आईटम डांसर सीमा सिंह शुक्रवार को मढ़ौरा पहुंचेगी। सीमा सिंह एनडीए समर्थित निर्दलीय अभ्यर्थी अंकित कुमार के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करेगी। इस दौरान लोजपा व एनडीए कार्यकर्ताओं से मिलकर आगे की रणनीति पर बातचीत करेगी। पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार सीमा सिंह दोपहर बाद नौतन से नगरा, नगरा से खैरा और खैरा से पटेढ़ा तक मुख्य सड़क पर रोड- शो भी करेगी। सीमा सिंह इस दौरान एनडीए समर्थित निर्दलीय अभ्यर्थी के पक्ष में मतदान का अपील करेगी। हालांकि सीमा सिंह के नामांकन रद्द होने के बाद खूद सीमा सिंह एनडीए समर्थित निर्दलीय अभ्यर्थी के लिए कितना समर्थन जुटा सकेगी, यह बड़ा सवाल होगा। राजनीतिक पंडितों के अनुसार विधानसभा चुनाव के अंतिम दौड़ में एनडीए समर्थक एनडीए का कंडीडेट नही होने से काफी हद तक पहले ही दुसरी तरफ सिफ्ट हो चूके है। ऐसे में एनडीए वोटर पर सीमा सिंह का आना कितना प्रभावी होगा यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

## मढ़ौरा में खेसारी यादव ने आरजेडी प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार राय के पक्ष में किया रोड शो

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** गुरूवार को गायक खेसारी लाल यादव ने मढ़ौरा में रोड शो और सभा कर राजद प्रत्याशी जितेन्द्र राय को जीताने की अपील की। रोड शो करते खैरा से मढ़ौरा हाई स्कूल मैदान में पहुंचे खेसारी लाल यादव ने सभा को संबोधित किया और कहा कि आपलोग चाचा को 20 साल देखे हैं, अब पांच साल का मौका भतीजा को दीजिए। उन्होंने राजद प्रत्याशी, निवर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री जितेन्द्र कुमार राय के लिए फिर से एक बार पक्ष में मतदान कर तेजस्वी यादव की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना सरकार के क्षेत्र का विकाश संभव नहीं है। तेजस्वी यादव की सरकार बनने पर भाई जितेन्द्र राय बहुत विकास करेगें। इस मौके पर प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय समेत अन्य राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्राणप्रतिष्ठा के लिए की गयी जलभरी

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** प्रखंड के सारंगपुर डाकबंगला घाट के समीप निर्मित हनुमान मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के लिए गुरुवार को जलभरी की गयी .कलशयात्रा में शामिल होने के लिए भोरहा ,रामपुररुद्र आदि गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु सुबह में ही मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए थे .रंग बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु माथे पर कलश लिए गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कर सारंगपुर डाकबंगला घाट पहुँचे जहां पंडित अखिलेश शर्मा ,अश्विनी ओझा ,वेदप्रकाश तिवारी एवं पंडित राजेश ओझा द्वारा उद्घोषित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गयी.आयोजनकर्ताओं ने बताया कि शुक्रवार को नगर भ्रमण ,शनिवार को वेदी निर्माण ,रविवार को अग्निवास एवं सोमवार को प्राणप्रतिष्ठा सह भंडारे का आयोजन किया जाएगा .कलशयात्रा में मुखिया कलावती देवी ,चंद्रमा दास ,ललन महतो ,मनोज महतो ,सुनील महतो ,मनोज ठाकुर ,प्रदीप कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे .

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत मामले में प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)** थाना क्षेत्र के सहूली टोले बैदरा निवासी सुरेंद्र यादव ने 29 अक्टूबर को थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र की मौत मामले में एक नामजद एवं चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि 22 मई को मेरे गांव के शर्मा यादव की बेटी की बारात आई थी। उसमें मेरा पुत्र कृष्णा यादव भोज खाने गया था। तभी बरात में बकझक हो गई। जिसे उपस्थित लोगों के सुलझा दिया था। मेरा पुत्र भोजन कर घर लौट रहा था। इसी बीच जीबी नगर थाना क्षेत्र के धनपुरा निवासी प्रिंस यादव अपने चार-पांच साथियों के साथ बीच रास्ते में घेरकर मेरे पुत्र के पीठ में चाकू मारकर घायल कर दिया था। उसके बाद हमलावर चारपहिया वाहन से भाग गए। घायल कृष्णा को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल से चिकित्सक द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। लेकिन उसका इलाज गोरखपुर कराया जा रहा था जहां इलाज के दौरान 26 अक्टूबर को कृष्णा यादव की मौत हो गई। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

# राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थन में खेसारी लाल यादव ने किया रोड शो

## भाई लालू बिना चालू ई बिहार ना होई....गीत गा कर लोगों से मांगा समर्थन



**दैनिक खोज खबर/तरैया,(सारण)।** तरैया विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्पित राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थन में तरैया के डेवढ़ी गांव से छपिया मसरख मुनि मोर तक भोजपुरी के ट्रेंडिंग सुपरस्टार व छपरा विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी शत्रुघ्न कुमार उर्फ खेसारी लाल यादव ने रोड शो किया। इस दौरान डेवढ़ी में तरैया राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने खेसारी लाल यादव का भव्य स्वागत किया। जबकि नेवारी में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जेसीबी से फूलों की बरसा कर खेसारी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोग अपने प्रिय कलाकार व नेता की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। हल्की बारिश के बावजूद खेसारी लाल यादव के प्रति लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। जगह-जगह पर लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और समर्थन के नारे लगाए। भीड़ में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। इस दौरान खेसारी लाल यादव के साथ तरैया विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ता और समर्थक उनके साथ चल रहे थे। वहीं काफिला तरैया पहुचने के बाद रामकोला वाईडीबीएस कालेज पर एक आयोजित जनसभा खेसारी लाल यादव ने संबोधित किया और लोगों से महागठबंधन समर्पित तरैया विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनने के लिए राजद प्रत्याशियों को जीत दिलाना जरूरी है। तभी बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी। इस दौरान खेसारी लाल यादव ने मंच से भाई लालू बिना चालू ई बिहार ना होई....गीत गा कर लोगों से राजद के पक्ष में अपना समर्थन मांगा। खेसारी लाल यादव ने कहा- ÷तेजस्वी भैया को मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजद और महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत बेहद ज़रूरी है। बिहार के विकास और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए जनता को महागठबंधन को समर्थन देना चाहिए।÷ रोड शो के दौरान खेसारी लाल यादव ने हाथ हिलाकर और हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया तथा शैलेंद्र प्रताप सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने की अपील की। युवा सम्राट खेसारी लाल यादव अपने पीछे उमड़े जनसैलाब को देखकर उत्साहित नज़र आए। तरैया की गलियां ÷खेसारी लाल यादव जिंदाबाद÷ और ÷राजद प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह को जिताओ÷ के नारों से गूंज उठीं। मौके पर राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मढ़ौरा प्रत्याशी जितेंद्र राय, अल्ताफ आलम राजू, चन्देश्वर राय, पूर्व मुखिया वीर बहादुर राय, अमरनाथ सिंह, अखिलेश यादव, हरेन्द्र सहनी, पूर्व बीडीसी मो साबिर, समेत हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

# 1937 में हुए प्रथम बिहार विधानसभा, चुनाव का ऐतिहासिक संदर्भ

**विवेकानंद सिंह/दैनिक खोज खबर/बलिया(उप्र)।** दैनिक खोजखबर, छपरा (सारण)/ बलिया - ज्ञातव्य है कि 18वीं बिहार विधासभा की 243 सीटों के लिए आगामी 06 और 11 नवंबर को  मतदान होगा तथा 14 नवंबर, 2025 को परिणाम घोषित किया जाएगा। इस चुनावी माहौल में बिहार की ज़ेन-जी पीढ़ी वर्तमान चुनावी चर्चा में मशगूल हैं, वहीं बुजुर्ग आज़ादी के बाद 1952 में हुए प्रथम बिहार विधानसभा चुनाव की बातों को याद करते हैं।लेकिन इनमें से बहुत कम लोग ही जानते हैं कि बिहार लेजिस्लेटिव एसेंबली का पहला चुनाव आज़ादी के दस साल पूर्व, यानी 1937 में हुआ था। तो आइए ! 1937 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के बारे में जानते हैं।12 दिसंबर, 1911 को दिल्ली में आयोजित एक दरबार में द किंग-एंपरर, जॉर्ज पंचम ने बिहार को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग करके एक नया प्रांत बनाने की घोषणा की और 01 अप्रैल, 1912 को बिहार, उड़ीसा और छोटानागपुर प्रांत का गठन हुआ, जिसकी राजधानी पटना और राँची थी। तत्पश्चात् 01 अप्रैल, 1936 को उड़ीसा (अब ओडिशा) को एक नया प्रोविंस बनाया गया और फिर गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट 1935 के तहत 1936-37 की सर्दियों में ब्रिटिश इंडिया के ग्यारह प्रांतों, यथा - मद्रास (अब तमिलनाडु), मध्य प्रांत (अब मध्य प्रदेश), बिहार, उड़ीसा (अब ओडिशा), संयुक्त प्रांत (अब उत्तर प्रदेश), बंबई (अब महाराष्ट्र), आसाम (अब असम), उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत (अब ख़ैबर पख़ूतूनख़्वा, पाकिस्तान), बंगाल, पंजाब और सिंध (अब पाकिस्तान में) में चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस ने आठ प्रांतों, यथा - बम्बई, मद्रास, मध्य प्रांत, संयुक्त प्रांत, उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत, बिहार और उड़ीसा में बहुमत प्राप्त किया।

जनवरी, 1937 में प्रथम बिहार विधानसभा के 152 सीटों के लिए चुनाव हुआ था, जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस को 98 और बाकी ऑल इंडिया मुस्लिम लीग, मुस्लिम इंडिपेंडेंट पार्टी और अन्य को मिली।

लेकिन ब्रिटिश हुकूमत से किसी अनबन के कारण बहुमत प्राप्त कांग्रेस पार्टी ने सरकार बनाने से मना कर दिया; तब बिहार के गवर्नर,  मौरिस गार्नियर हैलेट की अनुमति से मुस्लिम इंडिपेंडेंट पार्टी के नेता, एडवोकेट मोहम्मद यूनुस ने 03 अप्रैल, 1937 को बिहार प्रांत के प्रथम प्रधानमंत्री, यानी प्रीमियर (बाद में जिसे मुख्यमंत्री कहा जाने लगा) के रूप में अपनी सरकार बनाई। लेकिन उनकी सरकार ने तीन महीने बाद इस्तीफ़ा दे दिया और फिर कांग्रेस नेता, श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में 20 जुलाई, 1937 को एक नई सरकार का गठन हुआ, जो 31 अक्तूबर, 1939 तक चली।

# धर्म क्षेत्र चिरांद में काम देव को मिली शिक्षा- मौनी दास जी महाराज

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गंगा, सरयू और सोन नद के संगम पर स्थित यह धर्म क्षेत्र भारत का अद्वितीय पूण्य क्षेत्र है जहां ऋषि की तपस्या भंग करने का उपक्रम करने वाले काम देव को भी शिक्षा मिली थी उक्त प्रवचन श्री श्री 1008 मौनी दास जी महाराज ने भक्तों को बताया, उन्होने कहा भारत में देव संस्कृति के प्रवर्तक ऋषि कष्यप के दो पुत्र थे। ऋषि विभांडक और उनके बड़े भाई ऋषि प्रभंडक। अपने पिता से आदेष लेकर ऋषि विभांडक ने बाल्यकाल में ही इसी चिरांद के क्षेत्र में गंगा के तट पर प्रचंड तपक रने लगे। कई वर्षों के उनके तप के कारण ब्रह्मा ने उन्हें कई विद्याओं का अधिश्ठाता बना दिया था। उसी में एक कल्प विद्या भी थी। उसी विद्या के प्रयोग के लिए वैदिक विधान से जो यज्ञ होता है उसे पुत्रेष्टि यज्ञ कहा गया। ऋषि विभाण्डक की कथा वाल्मीकि रामायण और पुराणों में भी में मिलती है। विभाण्डक ने अपने तप के कारण प्रकृति पर नियंत्रण पा लिया था। विभांडक ऋषि के तप के कारण देवताओं के राजा इंद्र को चिंता बढ़ गयी। ऋषि की तपस्या भंग करने के लिए, इंद्र ने काम देव को आदेश दिया। इसके लिए स्वर्ग की दिव्य कन्या उर्वशी को नियुक्त किया। काम देव के सहयोग के बावजूद उर्वशी विभाण्डक को अपने मोह पास में आबद्ध नहीं कर सकी। लेकिन, काम देव के सहयोग से वह उनके मन को विचलित करने में सफल हो गयी। स्नान के समय विभाण्डक ऋषि का वीर्य गंगा नदी में गिर गया। ऋषि के साप के कारण हिरण बनी एक यक्षणी ने ऋषि के वीर्य से युक्त गंगा के उस जल का पी लिया। इस प्रकार ऋषि का वह दिव्य वीर्य हिरणी के पेट में चला गया। बाद में उस हिरणी ने एक नर शिशु को जन्म दिया जो जन्मजात ब्रह्मज्ञानी था जिसे संसार ने ऋष्य श्रृंग के रूप में जाना। इस घटना के बाद काम ऋषि विभांडक के दिव्य नेत्रों से ज्योति निकलने लगी जिससे कामदेव बेचैन हो उठे। उन्होंने ऋषि के समक्ष उपस्थित होकर कहाकि उनसे प्रार्थना किया कि मेरे कारण ही इस सृष्टि को अस्तित्व व विस्तार होता है। विभांडक ऋषि ने अपनी पराविद्या की कृपा से प्रकृति व संतति के विस्तार का रहस्य बताया। ऋषि ने कामदेव को बताया कि सृष्टि के सृजन और विस्तार का मूल कल्प विद्या है जिससे एक वृद्ध माता-पिता के कोख से भी दिव्य आत्माएं जन्म ले सकती है। ऋषि से वह षिक्षा लेने के बाद काम देव उनके समक्ष नत मस्तक होते हुए कहा कि आपकी सत्ता इन्द्र से भी बड़ी है। विभांडक ऋषि अपने पुत्र का भी यही हश्र नहीं चाहते थे। इसलिए उन्होंने उसे स्त्रियों के विषय में ज्ञान दिए बिना ही पाला। ऋषि ने अपने आश्रम के चारों ओर एक रेखा खींच दी थी। जो भी स्त्री उस रेखा को पार करती, वह तुरंत आग की लपटों में घिर जाती। इस प्रकार, ऋषि ने अपने पुत्र को लंबे समय तक स्त्रियों से दूर रखने में सफलता प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने ब्रह्मदेव से प्राप्त कल्प विद्या को अपने पुत्र ऋषि श्रृंगी में स्थापित कर इसकी परम्परा चला दी। वही ऋषि श्रृंगी ने आगे चलकर महाराजा दषरथ के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ किया जिससे भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का अवतार हुआ था।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्री हनुमत महायज्ञ शुरू

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** रसूलपुर थानान्तर्गत असहनी गांव स्थित श्री शंकर संस्कृत उच्च विद्यालय स्थित सदाशिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ. इसको लेकर शोभायात्रा निकाली गयी. यज्ञमंडप से निकली कलश यात्रा में सैकड़ों पुरुष व महिलाएं शामिल हुई,जहां आचार्य  पंडित लक्ष्मी निधि मिश्र, सच्चिदानंद पाण्डेय आदि विद्वानों के नेतृत्व में सारण के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा महेन्द्रनाथ मंदिर स्थित कमलदाह सरोवर से जल भरनी करायी गयी. महायज्ञ की पूर्णाहूति सात नवंबर शुक्रवार को भंडारा के साथ होगा. कलश यात्रा को सफल बनाने में मुख्य रूप से राहुल बाबा, जय किशुन यादव , बाबू धनजय  पांडेय, विमल तिवारी, उमेश प्रशाद, सुभम पांडेय, प्रिंस पांडेय, उज्जवल दुबे, अखिलेशवर पांडेय, उमा सिंह, सौरव  पांडेय, मुख्य अतिथि प्रकाश सिंह पुन्नू आदि ने अहम भूमिका निभाई.



# दो दिवसीय अखंड अष्टयाम को लेकर निकाली गई कलशयात्रा



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के गोपालवाड़ी यादव टोला गांव में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुभारम्भ की गई। यज्ञ मंडप परिसर से आचार्य नागेन्द्र तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार से यजमान सत्येन्द्र राय और धर्मपत्नी मुस्कान देवी की मौजूदगी में कलश को पीला वस्त्र धारण किए कन्याओं और महिलाओं को कलश सौंपा। कलशयात्रा यज्ञ स्थल से महाराणा प्रताप चौंक, महावीर चौक , अस्पताल चौंक होते हुए थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर पहुंची जहां पूजा-अर्चना के बाद जल बोझी के बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ मंडप पहुंची और विधिवत पूजा अर्चना के बाद दो दिवसीय अखंड अष्टयाम की शुभारंभ हुई। मौके पर सरपंच बिनोद प्रसाद, विरेन्द्र राय, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सूरज राम समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से घर ढहा, महिला समेत दो जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के शिल्हौरी में बुधवार की देर रात एक 18 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घरों से टकरा गई। तेज रफ्तार कि अनियंत्रित ट्रक के टकराने से दो पक्के मकान पुरी तरह से ध्वस्त हो गए वही दो अन्य घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। यह संयोग था किघरों में अधिक लोगों के नही होने से कोई हताहत नही हुआ। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बुरी तरह से घायल महिला एवं एक अन्य को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बाद में जेसीबी मंगवाकर पुलिस ने क्षतिग्रस्त 18 चक्का को सड़क किनारे कराया और यातायात को चालू करवाया। जख्मी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि घर में वे और उनकी मां ही थे। मौसम खराब होने के कारण वे दोनों जल्दी खाना खाकर सो गए थे। अचानक से जोरदार धमाका हुआ वे कुछ समझ पाते पूरा घर भरभरा कर गिर पड़ा। वे मलबे के नीचे दबे थे लेकिन संयोग था कि वह खुद को बाहर निकालने में सफल हो गया। उसने हल्ला कर आसपास के लोगों को बुलाया और अपनी जख्मी मां 60 वर्षीय मनोरमा देवी को बाहर निकाला। जख्मी मनोरमा देवी को अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। अनियंत्रित ट्रक के ठोकर से क्षतिग्रस्त होने वाले घर में रविशंकर प्रसाद उर्फ पप्पू सिंह, भुनेश्वर सिंह, शिवनाथ सिंह, उपेन्द्र सिंह का मकान बताया गया है।

# राजद प्रत्याशी जितेंद्र राय को विजयी बनाने का संकल्प




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की बहुआरापट्टी शाखा के कम्यूनिस्ट कार्यकर्ताओं ने एक आम सभा का आयोजन कर राजद प्रत्याशी जितेंद्र राय को विजई बनाने का संकल्प लिया। उक्त सभा की अध्यक्षता शमसुद्दीन साहब ने किया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा जिला सचिव राम बाबू सिंह ने कहा कि जितेंद्र राय ने अपने पंद्रह साला कार्यकाल में  सांप्रदायिक सद्भाव को बनाए रखने का काम किया है। सामाजिक न्याय के विचार को आगे बढ़ाया है । मढ़ौरा के चतुर्दिक विकास का काम किया है । इसलिए भाजपा जद यू सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जितेंद्र राय को जिताने का संकल्प लेना ही होगा । सभा को प्रो रजाक हुसैन, प्रो भूपेश प्रसाद ने भी संबोधित किया। सभा में मुख्य रूप से प्रेम सुंदर मांझी , डा नुसरत अली, गौतम प्रसाद, निजामुद्दीन, कादिर हुसैन, मंसूर अली, चांद मोहम्मद,  मो नबीज, मदीना खातून , सकीना खातून, मरियम खातून आदि उपस्थित थीं।

## बारिश में भी उमड़ा जन सैलाब, मशरक में खेसारी लाल यादव का रोड शो

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को मशरक के मुन्नी मोड़ पर भोजपुरी सुपरस्टार व छपरा विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी शत्रुघ्न कुमार उर्फ खेसारी लाल यादव का भव्य रोड शो निकाला गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोग अपने प्रिय कलाकार व नेता की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। तेज बारिश के बावजूद खेसारी लाल यादव के प्रति लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। जगह-जगह पर लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और समर्थन के नारे लगाए। भीड़ में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। इस दौरान खेसारी लाल यादव के साथ तरैया विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह और बनियापुर से राजद प्रत्याशी चांदनी देवी भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान राजद नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर हमला बोलते हुए महागठबंधन की जीत का दावा किया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अधेड़ की मौत

**मैरवा(सिवान)** थाना क्षेत्र के नौतन मोड़ के समीप मैरवा-सिवान मुख्य सड़क मार्ग पर बुधवार की रात एक बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान मैरवा थाना क्षेत्र के मुड़ियारी निवासी योगेंद्र सिंह (55) के रूप में हुई। वह मैरवा धाम किसी काम से आए थे। बाइक से वापस अपने गांव मुड़ियारी लौट रहे थे। इसी दौरान नौतन मोड़ पर पहले से खड़ी एक ट्रक में उनकी बाइक टकरा गई। बताया जाता है कि सामने से आ रहे किसी वाहन की लाइट उनकी आंख पर पड़ने से वे संतुलन खो बैठे और बाइक ट्रक से टकरा गई जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। उन्हें गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने उन्हें उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक के सूजन अस्पताल पहुंच गए। स्वजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नौतन मोड़ और उसके आसपास मैरवा-सिवान नेशनल हाईवे पर लगातार दुर्घटना हो रही है। इस दुर्घटना को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। लोगों ने वाहनों की स्पीड नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी की चुनावी सभा कल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की चुनावी सभा शनिवार को आयोजित की जाएगी। वे महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी राजद जिला प्रवक्ता उमेश कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एक अक्टूबर को पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का सिवान आगमन हो रहा है, जहां वे सिवान की सभी विधानसभाओं में चुनावी जनसभा के दौरान जनता को संबोधित करेंगे। सिवान विधानसभा में उनकी सभा प्रतीक हीरो एजेंसी के समीप, महाराजगंज के भगवानपुर हाट में, गोरेयाकोठी के लकड़ी नबीगंज प्रखंड के मदारपुर के किशुनपूरा में, रघुनाथपुर के राजपुर में, बड़हरिया के सदरपुर पंचायत के महमूदपुर में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

## अक्षय नवमी पर आंवला की पूजा कर की गई संतान प्राप्ति व रक्षा की कामना

**सिवान।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि यानी गुरूवार को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा कर परिवार की मंगल कामना की। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की। व्रती महिलाओं ने बताया कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर खाना खाने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। वहीं आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि इस दिन किया गया पुण्य कभी समाप्त नहीं होता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य जैसे दान, पूजा, भक्ति, सेवा किया जाता है, उसका पुण्य कई जन्म-जन्मांतर तक प्राप्त होता है। इस दौरान व्रतियों ने रामचरित मानस के सातवें स्कंद सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया।भगवान विष्णु ने किया था

**कुष्माण्डक दैत्य का अंत** – अक्षय नवमी को आंवला वृक्ष की पूजा की जाती है। इससे अखंड सौभाग्य, संतान, आरोग्य और सुख शांति की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन द्वापर युग का आरंभ हुआ था। कहा जाता है कि अक्षय नवमी के दिन हीं भगवान विष्णु ने कूष्मांडक दैत्य को मारा था और उसके रोम से कुष्मांड की बेल हुई। वहीं दूसरी ओर जीरादेई, महाराजगंज, सिसवन, रघुनाथपुर, दारौंदा, पचरूखी, गुठनी, नौतन, दरौली, मैरवा, आंदर, बसंतपुर, भगवानपुर समेत अन्य प्रखंडों में आंवले के वृक्ष पर नारायण की पूजा की गई।

## बसंतपुरः युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, एक हिरासत में

**परवेज अख्तर/सीवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के बरवां गांव में बुधवार की देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक गांव के मुनेश महतो का पुत्र नीरज कुमार (20) बताया जाता है। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 11बजे की है। स्वजनों ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची जहां युवक का शव फर्श पर रखा गया था। स्वजनों ने बताया कि फंदा लगाकर युवक ने आत्महत्या कर ली। उसे उतारकर जमीन पर लिटाया गया है। मौत की पुष्टि होने पर पुलिस को सूचना दी गई। जुटे लोगों के अनुसार युवक नशे का सेवन करता था और जुआ भी खेलता था। युवक के पिता मुंबई रहते हैं। स्वजनों ने उसके एक साथी का नाम संदिग्ध के रूप में पुलिस को बताया। पुलिस उसके साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है। कागजी प्रक्रिया के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या मामला आत्महत्या का ही लग रहा है। अभी कोई आवेदन भी नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीडीओ ने सेक्टर पदाधिकारी एवं बीएलओ को दिए कई निर्देश

**महाराजगंज (सिवान)।** विधानसभा चुनाव में अब मात्र एक सप्ताह बच गए हैं। प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में है। मतदाताओं को विभिन्न तरह से जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को बीडीओ बिंदु कुमार ने प्रखंड कार्यालय सभागार में सेक्टर पदाधिकारी एवं बीएलओ के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ ने बीएलओ से कहा कि मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता को मिलनी चाहिए। कोई भी मतदाता न छुटे इसका विशेष ध्यान देना है। मतदाता को कोई परेशानी होती है तो उसका समाधान तुरंत करना है। बीडीओ ने सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके अधीन जो मतदान केंद्र आते हैं उसकी पूरी तरह सुनिश्चित कर लें कि उसमें कोई कमी नहीं न है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैंप की व्यवस्था, पेयजल, बिजली, शौचालय रहनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की कमी होती है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारी, बीएलो उपस्थित थे।

## नौतन से लापता युवक का शव झरही नदी से बरामद

**मैरवा (सिवान )** मैरवा धाम झरही नदी से गुरुवार को एक युवक का शव पुलिस ने बरामद की। मृतक की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी अली हुसैन के पुत्र मुन्ना अंसारी के रूप में हुई। वह 27 अक्टूबर को छठ घाट गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा था। नौतन थाना में स्वजनों ने युवक की गुमशुदगी की मामला कराई थी।

बताते हैं कि झरही नदी पर मैरवा धाम स्थित पुराना पुल के स्तंभ में फंसा एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा। धीरे-धीरे वहां भीड़ एकत्रित हो गई। किसी ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। कुछ ही देर में थानाध्यक्ष संजीत कुमार पुलिस के साथ वहां पहुंच गए। शव नदी से बाहर निकाला गया और उसकी पहचान की कोशिश की गई। लेकिन वहां एकत्रित भीड़ द्वारा मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बाद में पुलिस को जानकारी मिली कि नौतन थाना क्षेत्र के शाहपुर से एक युवक मुन्ना अंसारी के गायब होने की सूचना नौतन थाना को दी गई है। इसी आधार पर पुलिस ने उसके स्वजन को सूचित किया। स्वजनों द्वारा मृतक की पहचान हुई। प्रथम दृश्य माना जा रहा है कि नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई है। हालांकि अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है।

# बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य व भ्रष्टाचार में सुधार को हमारे प्रत्याशी को दें वोट : तेज प्रताप यादव

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने गुरुवार को रघुनाथपुर प्रखंड के राजपुर स्थित उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार में सुधार के लिए जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी को वोट दें। उन्होंने कहा कि आज बिहार में भ्रष्टाचार, घूसखोरी, आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा बिना रिश्वत का कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे एक साजिश के तहत पार्टी एवं घर से बेदखल किया गया है। आज कल की नई पीढ़ी विकास खोज रही है। बिहार के विकास लिए मेरी पार्टी को वोट दें। जनता के बीच नहीं रहने वाला आपका दुख दर्द कैसे समझेगा।



बहुरुपिया के चक्कर में नहीं पड़ना हैं। अगर पड़ेंगे तो गच्चा खा जाएंगे। उम्मीदवार व पार्टी चुनने का मौका पांच साल के बाद मिलता है। इसे गंवाना नहीं चाहिए। सभा को भोजपुरी की अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने भी जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी के लिए वोट मांगा और कहा कि जनता की समस्याओं का ख्याल रखा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डोमन शुक्ला तथा संचालन ज्वाला चतुर्वेदी ने किया। सभा को राष्ट्रीय महासचिव मोती लाल यादव, प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, जिलाध्यक्ष टुनटुन यादव, जिला संयोजक शाहबाज खां आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर पार्टी प्रवक्ता निर्भय कुमार, अमित शर्मा, शैलेश राम, शर्जील रशिद, योगेंद्र राम, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दारौंदा में एएसआइ की गला रेतकर निर्मम हत्या, खेत से शव बरामद,कई लोग हिरासत में,पूछताछ जारी

**परवेज अख्तर/सीवान** दारौंदा थाना क्षेत्र के सिरसांव नया टोला और सादपुर गांव के बीच बुधवार की रात बदमाशों ने थाना के एएसआइ की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मधुबनी के राजपार थाना क्षेत्र के कुंनवार निवासी अनंत पासवान के पुत्र अनिरुद्ध कुमार (46) के रूप में हुई है। वह पिछले डेढ़ वर्ष से दारौंदा थाना में पदस्थापित थे।सूचना पर एसपी मनोज तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के आदेश दिए। मामले में संदेह के आधार पर पुलिस एक आर्केस्ट्रा संचालक के ठिकाने पर छापेमारी कर तीन-चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह ग्रामीण किसी काम से खेत की ओर गए थे। तभी सिरसांव नया टोला और सादपुर गांव के बीच अरहर की खेत में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना सूथानीय थाना को दी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा शव की पहचान एएसआइ अनिरुद्ध कुमार के रूप में की। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि एएसआइ अनिरुद्ध कुमार करीब डेढ़ वर्ष से थाना में पदस्थापित थे। जांच के क्रम में घटनास्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर अवस्थित उजांय काली मंदिर के समीप से उनकी बाइक को बरामद किया गया है। जबकि उनके शव के पास से डेढ़ फीट लंबा राड, टूटा हुआ चश्मा, चप्पल, गमछा और फीता बरामद हुआ है। प्रारंभिक जांच से प्रतीत होता है कि तेजधार हथियार से उनकी गला रेतकर हत्या की गई है। वहीं सूचना मिलने पर एसपी मनोज कुमार तिवारी घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आशंका जताई कि एएसआइ की हत्या कुछ लड़कों के विवाद के कारण हुई है। बहरहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 30 गिरफ्तार

**सिवान।**पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इस दौरान विविध कांडों में चार, शराब के कांड में 13, आर्म्स एक्ट के कांड में दो, वारंट में छह, हत्या के कांड में एक व हत्या के प्रयास में चार गिरफ्तारी की गई। वहीं 196.6 लीटर देशी व 8.64 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। जबकि 75 वारंट व दो कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि 71 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि अभियान के दौरान दो कट्टा, पांच गोली, दो फैन, एक सिलेंडर, एक खुखरी, एक लोहा का गुप्ती, चार दो पहिया वाहन, 13 हजार पांच सौ नकद बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल करें।

## सीवान – स्लीपर से लेकर सामान्य कोच में धक्का–मुक्की

**परवेज अख्तर/सीवान।**यात्रियों की भीड़ रेलवे की तमाम तैयारियों पर भारी पड़ रही है। छठ महापर्व के बीतते ही अब विभिन्न शहरों में वापसी करने वाले लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। जंक्शन पर गुरुवार को यात्रियों का दबाव देखा गया। स्लीपर से लेकर सामान्य कोच वाले यात्री ट्रेनों में जगह पाने के लिए लोग जद्दोजहद करते दिखे। हालात ऐसे बने कि ट्रेनों में जगह नहीं मिल रही है। ज्यादातर ट्रेनों में जनरल डिब्बे कम होने से स्लीपर में वह भीड़ देखने को मिल रही है। भीड़ देख लोग अब स्लीपर को अनारक्षित कोच समझ रहे हैं। जंक्शन होकर नई दिल्ली के लिए जा रही बिहार संपर्क क्रांति, वैशाली सुपरफास्ट सहित अन्य ट्रेनों के सामान्य कोच में यात्री मजबूरी वश खड़े होकर यात्रा कर रहे हैं। प्लेटफार्म पर सुबह से ही यात्रियों का आना-जाना देखने को मिल रहा है।

## सराय ओपी : युवक की चाकू गोदकर हत्या मामले में एक नामजद गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** सराय थाना क्षेत्र के बड़कागांव कुशवाहा टोला गांव में 29 अक्टूबर की सुबह देवानंद भगत के 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार को उसके दोस्त ने चाकू गोद कर हत्या कर दी। इस मामले में मृतक के पिता के फर्द बयान पर पिता, पुत्र व चाचा पर प्राथमिकी हुई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार सराय थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी सुरेश तिवारी है। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 अक्टूबर को सराय थाना को फर्द बयान प्राप्त हुआ। जिसमें वादी द्वारा बताया गया कि तीन व्यक्तियों द्वारा पूर्व के विवाद को लेकर इनके पुत्र पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में जब उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।

प्राप्त फर्द बयान के आधार पर पचरुखी (सराय) थाना कांड संख्या-480/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में प्राप्त आसूचना के आधार पर एक नामजद अभियुक्त सुरेश तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

## पिकअप की टक्कर से महिला घायल

सिवान। नगर थाना क्षेत्र के रेनुआ में गुरुवार की दोपहर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल महिला की पहचान उक्त निवासी मंजू देवी के रूप में हुई है। स्वजनों ने बताया कि वे घर के आगे खड़ी थी। तभी तेज रफ्तार पिकअप ने धक्का मारकर फरार हो गया।

## वाहन जांच के दौरान हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**दरौली(सिवान)** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिख रही है। लगातार बदमाशों को पकड़ने के लिए वाहन जांच कर रही है। इसी क्रम दरौली थाना क्षेत्र के दरौली चौराहा पर बुधवार की रात दरौली थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान हथियार व बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान दरौली निवासी रोहित दुबे के रूप में हुई है। गिरफ्तार बदमाश के पास एक कट्टा, एक बाइक व तीन गोली बरामद की गई है। गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ की जा रही है।

